# कार्यालय नगर निगम हल्द्वानी–काठगोदाम

नैनीताल रोड़, हल्द्वानी, पिन कोड़– 263139

(www.Nagarnigamhaldwani.in) toll free no- 8882610000

E-Mail- haldwaninagarnigam@gmail.com दूरभाषः–05946–220035


पत्रांक :– 1300 /                                                                                     दिनांक :– 16-9-25

## भवन कर नाम संशोधन सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भवन सं0 05–122 (09–354) पुराना भवन सं0 02–219 वाके शान्ति नगर अम्बिका विहार, भोटिया पडाव, हल्द्वानी जो नगर निगम के भवन कर अभिलेखों में श्री रमेश प्रसाद पंवार पुत्र श्री नरेन्द्र सिंह के नाम पर दर्ज चला आ रहा है। उक्त भवन के सम्बंध में श्री शरद पंवार पुत्र स्व0 रमेश प्रसाद पंवार द्वारा नगर निगम कार्यालय में लिखित प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर प्रार्थना की गई है कि नगर निगम के भवन कर अभिलेखों में मेरे दादा जी का नाम त्रुटिवश नरेन्द्र सिंह दर्ज हो गया है परन्तु मेरे दादा जी का नाम श्री नन्हे सिंह था। अतः भवन कर अभिलेखों में मेरे दादा जी का नाम संशोधित कर श्री नन्हे सिंह कर दिया जाय। अपने प्रार्थना पत्र के समर्थन में श्री शरद पंवार द्वारा खतौनी की प्रमाणित प्रति, स्वयं का शपथ पत्र, स्वयं का आधार कार्ड की छायाप्रति संलग्न की गई है। उपरोक्त के सम्बंध में समस्त सम्बंधितों को स्व0 रमेश प्रसाद पंवार पुत्र स्व0 नरेन्द्र सिंह के स्थान पर स्व0 रमेश प्रसाद पंवार पुत्र स्व0 नन्हे सिंह करने पर कोई आपत्ति हो तो इस सूचना के जारी होने की तिथ से 30 दिनों के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति शपथ पत्र एवं साक्ष्यों सहित इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। वाद मियाद समाप्ति पर प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

सहायक नगर आयुक्त
नगर निगम हल्द्वानी–काठगोदाम।

**प्रतिलिपि :–**

1. कार्यालय उपजिलाधिकारी, हल्द्वानी, कार्यालय तहसील हल्द्वानी, कार्यालय नगर निगम हल्द्वानी–काठगोदाम के नोटिस बोर्ड पर चस्पा हेतु।
2. सम्बंधित भवन पर चस्पा हेतु।
3. प्रार्थी को इस आशय से प्रेषित की उपरोक्त सार्वजनिक सूचना का प्रकाशन स्वयं के व्यय पर राष्ट्रीय दैनिक समाचार पत्र पर जिनका प्रचार–प्रजार अधिक हो, में करवाकर एक प्रति कार्यालय में प्रस्तुत करें।
4. प्रांजलि बैचर्स को इस आशय से प्रेषित कि वे उपरोक्त सार्वजनिक सूचना को नगर निगम की वेबसाईट में अपलोड करने हेतु सुनिश्चित करें।

सहायक नगर आयुक्त
नगर निगम हल्द्वानी–काठगोदाम।